# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – II) 2025 – 2026

Class - 9 | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hrs.

Name: ____________ | Roll No.:_________

***General Instructions:*** ***All questions are compulsory.***

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** **1X4=4**

हँस लो दो क्षण खुशी मिली गर
वरना जीवन–भर क्रंदन है।
किसका जीवन हँसी–खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता?
सदा सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता–रोता चमन–चमन है।

कितने रोज चमकते तारे
दूर तलक धरती की गाथा
मौन मुखर कहता कण–कण है।
यदि तुमको सामर्थ्य मिला तो
मुसकाओं सबके संग जाकर।
कितने रह–रह गिर जाते हैं,
हँसता शशि भी छिप जाता है,
जब सावन घन घिर आते हैं।
उगता–ढलता रहता सूरज
जिसका साक्षी नील गगन है।

आसमान को छूने वाली,
वे ऊँची–ऊँची मीनारें।
मिट्टी में मिल जाती हैं वे
छिन जाते हैं सभी सहारे।
यदि तुमको मुसकान मिली तो
थामो सबको हाथ बढ़ाकर।
झाँकों अपने मन–दर्पण में
प्रतिबिंबित सबका आनन है।

**I कवि के अनुसार, दो क्षण की मिली खुशी पर क्यों हँस लेना चाहिए?**

(क) जीवन में खुशियाँ–ही–खुशियाँ हैं, अतः हँस लेना चाहिए।

(ख) जीवन में बहुत–सी विपदाएँ हैं, अतः समय मिलने पर हँस लेना चाहिए।

(ग) जीवन में रंगीनियाँ बहुत है, अतः हर समय खुश रहना चाहिए।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**II काव्यांश में सभी चीजों को———————बताया गया है।**

**रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।**

(क) अनश्वर (ख) नश्वर

(ग) गतिशील (घ) स्थूल

**III 'उगता–ढलता रहता सूरज' के माध्यम से कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है?**

**IV 'झाँको अपने मन दर्पण में' इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या सीख देना चाहता है?**

**प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** **(1X4 = 4)**

I 'पथभ्रष्ट' समस्त पद का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

II 'पुत्ररत्न' समस्त पद का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

III 'आजन्म' समस्त पद में कौन–सा समास है ?

IV 'तत्पुरुष समास' में किसका लोप होता है ?

**प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **(2X2 = 4)**

I 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था ?

II सुमति लोगों की धार्मिक आस्था का अनुचित फायदा किस तरह उठाते थे ?

**प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **(2X2 = 4)**

I 'सम खा तभी होगा समभावी' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

II कवयित्री ललद्यद के अनुसार ईश्वर की पहचान कैसे हो सकती है ?

**प्र0 5 दिए गए दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 80 शब्दों में लिखिए–**

**(4X1 = 4)**

सन 1967 में पुनपुन नदी के पानी के राजेंद्रनगर में घुस आने पर वहाँ के सजे–धजे युवक–युवतियों ने क्या किया था ?

**अथवा**

बाढ़ जैसी आपदाओं से निबटने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?

––0––